हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 16 देहरादून, बुधवार, 03 जुलाई, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



आपदा की चनौतियों से निपटने के लिए मंथन, सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी : सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा 3

# बिजली उत्पादन बढ़ाने में तेजी लाई जाए : सीएम धामी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,3,जुलाई मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में उर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में विद्युत उत्पादन बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 05 साल में प्रदेश में विद्युत उत्पादन दुगुना करने के लिए तीनों निगमों यूपीसीएल, यूजेवीएनएल और पिटकुल को समन्वय के साथ कार्य करें। तीनों निगमों को समयबद्धता के साथ परियोजनाओं को पूर्ण करने के भी निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण की मूल अवधारणा में ऊर्जा और पर्यटन रहा है। उर्जा के क्षेत्र में राज्य में तेजी से कार्य करने की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षाकाल को ध्यान में रखते हुए सभी ट्रांसफार्मर का सेफ्टी ऑडिट भी किया जाए। राज्य में तेजी से स्थापित हो रहे औद्योगिक संस्थानों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विद्युत उत्पादन बढ़ाने की दिशा में तेजी से प्रयास किये जाएं।

**मुख्यमंत्री ने ली ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में जिन लघु जलविद्युत परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, उन्हें तेजी पूर्ण किया जाए। सरकारी भवनों में सोलर रूफटॉप के माध्यम से विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार मिले, इस दिशा में और प्रयास किये जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लोगों को अधिक से अधिक मिले।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि नये बिजली घरों के निर्माण तथा ट्रांसमिशन लाईन अपडेट करने की कार्यवाही में तेजी लाई जाए। लाईन लॉस को कम करने के लिए भी प्रभावी योजना पर कार्य किये जाने एवं विद्युत लाईनों को भूमिगत किये जाने की योजनाओं पर तेजी से कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं।

बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में 121 मेगावाट. क्षमता की 06 लघु जलविद्युत परियोजनाएं आंवटित की गई हैं, जिनमें से 24 मेगावाट की मेलेखेत और 21 मेगावाट की खुटानी जल विद्युत परियोजना दिसम्बर 2026 तक पूर्ण हो जायेंगी, जबकि 22.80 मेगावाट की बर्नीगाड और 06 मेगावाट की रयात जल विद्युत परियोजना पर आगामी दो वर्षों में कार्य आरंभ किया जायेगा। राज्य में पम्प स्टोरेज प्रोजक्ट के तहत 200 मेगावाट की लखवाड़-ब्यासी, 150 मेगावाट की ब्यासी- कट्टा पत्थर और 168 मेगावाट की कालागढ़ परियोजना पर प्रारंभिक फिजीबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। 01-01 मेगावाट की तिलोथ, खटीमा और ढ़करानी बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के तहत विकसित किये जा रहे है।

बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, अपर सचिव रंजना राजगुरू, अहमद इकबाल, एमडी यूजेवीएनएल संदीप सिंघल, एमडी पिटकुल यू.सी ध्यानी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएस राधा रतूड़ी ने सभी विभागों को अपनी तैयारियां समय से पूरी रखने के दिए निर्देश

### अपूर्ण घोषणाओं पर तत्परता से कार्यवाही के निर्देश





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 03 जुलाई : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी विभागीय सचिवों को कड़े शब्दों में स्पष्ट किया है कि जल्द ही मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के सम्बन्ध में प्रत्येक विभाग की अलग -अलग समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री जी घोषणाओं के सम्बन्ध में एक दिन में मात्र एक ही विभाग की विस्तृत व गहन समीक्षा की जाएगी। सीएस ने सभी विभागों को इस सम्बन्ध में अपनी सभी तैयारियां समय से पूरी रखने के कड़े निर्देश दिए हैं।

उन्होंने इस विषय में किसी भी प्रकार के विलम्ब, लापरवाही या अपूर्ण तैयारी ना करने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में सम्पूर्ण डाटा समय से सीएम पोर्टल पर अपलोड करने तथा स्थान्तरित की जाने वाली घोषणाओं की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए हैं। सीएस राधा रतूड़ी ने मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के कार्यान्वयन को शीर्ष प्राथमिकता तथा गम्भीरता से लेने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में मुख्यमंत्री जी की विधानसभा चम्पावत से सम्बन्धित 174 घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी चम्पावत को नियमित रूप से मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं की समीक्षा के निर्देश दिए हैं। सीएस ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं के कार्य कब तक पूरे कर लिए जाएंगे यह जिलाधिकारी द्वारा तत्काल स्पष्ट किया जाए।

अधिकारियों को बैठकों में पूरी तैयारी के साथ आने की कड़ी हिदायत देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि विधानसभा चम्पावत हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई कुल 174 घोषणाओं में 111 पूर्ण कर ली गई हैं। 47 घोषणाओं पर कार्यवाही गतिमान है। उन्होंने अपूर्व 16 घोषणाओं पर तत्परता से कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

बैठक में प्रमुख सचिव रमेश कुमार सुधांशु, सचिव राधिका झा, शैलेश बगौली, एस एन पांडेय सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी चम्पावत मौजूद रहे।

## हरिद्वार : 22 जुलाई से शुरू होगी कांवड़ यात्रा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 03 जुलाई : कांवड़ यात्रा में कई राज्यों से श्रद्धालु यहाँ पहुँचते हैं इसलिए उत्तर भारत के 9 पड़ोसी राज्यों को लेकर इसपर मंथन किया गया, साथ ही इस बैठक में सीआरपीएफ, रेलवे सुरक्षा बल और इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारी भी जुड़े।जनपद हरिद्वार में हर साल सावन के में कांवड़ यात्रा का आयोजना होता है जिसमें शिव जी के भक्त कांवड़ में गंगा जल भरकर लाते हैं और शिवलिंग का अभिषेक करते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से भोलेनाथ की विशेष कृपा बरसती। इस बार कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से 2 अगस्त तक चलेगी जिसको लेकर पुलिस प्रशासन भी सख्त हो गए हैं। इस यात्रा में हर साल लाखों की संख्या में यात्री हरिद्वार पहुँचते हैं, जिस कारण यातायात पूरी तरह से प्रभावित होता है। इन सबको ध्यान में रखकर बैठक आयोजित हुई जिसमें पड़ोसी राज्य दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ की पुलिस इस बैठक का हिस्सा बने और यात्रा की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने केवल अस्पताल और स्कूल क्षेत्र के आस-पास शोर को नियंत्रित करने की बात कही है।

यूपी में भी यही स्थिति रहेगी और यहां भी डीजे पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। हालांकि



■ भोले भक्त इन बातों का ध्यान रखकर आएं कुंभनगरी

स्पष्ट किया गया है कि किसी भी उपद्रवी या शरारती तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। कांवड़ यात्रा को लेकर प्रदेश में कांवड़ क्षेत्र को 15 सुपर जोन, 36 जोन और 130 सेक्टर में विभाजित किया गया है, जहां लगभग 7 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। यात्रा में सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन की मदद ली जाएगी, हरिद्वार में एक विशेष कंट्रोल रूम भी रहेगा।

कांवड़ मेले में कांवड़ियों को अपना परिचय पत्र साथ रखना होगा। इसके अलावा 7 फीट से ऊंची कांवड़ बनाने और रेल की छतों पर सफर करने पर भी प्रतिबंध है। कांवड़ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए यातायात रूट प्लान में बदलाव किया जा सकता है। चारधाम यात्रा को देखते हुए तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए अलग से मार्ग निर्धारित किया गया है।

# हेयरस्टाइल चेंज करते ही बदल गई महिला वेटर की किस्मत, टिप से हुई लाखों की कमाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 03 जुलाई : अगर आप किसी अच्छे और बड़े रेस्टोरेंट या होटल में खाना खाने जाते होंगे तो जाहिर है वेटर को कुछ न कुछ टिप जरूर देकर आते होंगे, क्योंकि वो आपके लिए खाना सर्व करता है, आपके बुलाने पर हर बार दौड़ा चला आता है. कई लोग तो ऐसे भी होते हैं, जो वेटर्स को हजारों-लाखों रुपये भी टिप में दे देते हैं, जिसे पाकर वो भी खुशी से फूले नहीं समाते. फिलहाल ऐसी ही एक महिला वेटर काफी चर्चा में है. उसने ज्यादा टिप पाने के लिए एक ऐसा तरीका अपनाया कि उसे महज कुछ ही दिनों में ग्राहकों द्वारा लाखों रुपये की टिप मिल गई।

अक्सर ऐसा देखने में आता है कि वेटर्स की अच्छी सर्विस और ग्राहकों के प्रति उनका विनम्र रवैया ज्यादा टिप पाने में मदद करता है. इसके अलावा वेटर्स का आकर्षक लुक भी अक्सर ग्राहकों को खुश करने में मदद करता है, लेकिन इस महिला ने तो अपना हेयरस्टाइल चेंज करके ही इतना टिप पा लिया कि आप सोच भी नहीं सकते. दरअसल, महिला ने अपनी शिफ्ट के दौरान अलग-अलग कई तरह के हेयरस्टाइल बदले और टिप के रूप में करीब 1.3 लाख रुपये पा लिए.

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सैम मैककॉल नाम की इस महिला ने अपने टिक टॉक हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें लिखा है, 'सर्वर हेयर थ्योरी आजमा रही हूं, यह देखने के लिए कि मुझे किससे ज्यादा टिप मिलती है'. पोस्टके मुताबिक, उसने अपने लंबे भूरे बालों को रंगीन हेडस्कार्फ के साथ स्टाइल किया तो उसे टिप के रूप में 310 डॉलर यानी करीब 26 हजार रुपये मिले, जबकि अगले दिन उसने अपने माथे पर बैंड के साथ डच ब्रैड्स बनाए, जिसके बाद उसे 428 डॉलर यानी लगभग 36 हजार रुपये की टिप मिली।

इसी तरह तीसरे दिन उसने मेसी बन ट्राई किया और इससे उसे 392 डॉलर यानी करीब 33 रुपये टिप के रूप में मिले. इसके बाद भी उसने एक दिन अपने हेयरस्टाइल के साथ एक और प्रयोग किया और इस बार उसे टिप में 465 डॉलर यानी लगभग 39 हजार रुपये मिले. सैम का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जैसे ही वायरल हुआ, लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देने लगे. कुछ यूजर्स ने कहा कि उन्हें साफ-सुथरे हेयरस्टाइल वाले सर्वर पसंद हैं, तो एक यूजर ने लिखा है, 'मैंने भी एक बार ऐसा ही हेयरस्टाइल वाला प्रयोग किया था और ये काम कर गया था, लेकिन मुझे पुरुषों की घूरती निगाहें पसंद नहीं आईं थीं।



# पूरे शहर बांट आया शादी का कार्ड, सेवा में लिख दी ऐसी बात, पढ़ते ही उड़े होश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 03 जुलाई : भारत में एक बार फिर लगन के सीजन की शुरुआत हो गई है. एक दिन में कई शादियां हो रही है. आपको हर दिन ही शहनाई की आवाज आ जाएगी. भारत में इन शादियों को किसी तीज-त्योहार की तरह मनाया जाता है. महीनों पहले से ही शादी की तैयारियां शुरू कर दी जाती है. शादी का आमंत्रण पत्र काफी स्पेशल होता है. हाल के दिनों में लोगों ने इसे स्पेशल बनाने के नए तरीके ढूंढ निकाले हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल होता रहता है.


बीते दिनों एक ऐसे ही शादी के कार्ड की काफी चर्चा हो रही है. रोहित और रजनी की शादी के इस कार्ड में ऐसी बात लिखी गई, जिसे पढ़कर लोग हैरान रह गए. शादी के इस कार्ड में सेवा में वाली जगह पर मेहमानों का नाम लिखा गया. लेकिन साथ ही एक ऐसा मैसेज छोड़ा गया, जिसे पढ़ने के बाद आपकी हंसी छूट जाएगी. शादी के इस कार्ड पर शख्स ने कई लोगों के नाम लिखे. साथ ही एक अनोखी बात भी लिख डाली.

निकाली दुश्मनी की भड़ास

वायरल हो रहे इस कार्ड में शख्स ने अपने दोस्तों को निमंत्रण दिया था. सेवा में कई लोगों के नाम लिखे गए थे. लेकिन नीचे एक नोट छोड़ा गया था. इसमें लिखा था कि उसकी शादी में सौरभ का आना मना है. अगर सौरव को कहीं भी देखा जाए, तो तुरंत भगा दिया जाए. मैसेज के बाद धन्यवाद भी लिखा गया. शादी का ये कार्ड 15 अप्रैल का है. लेकिन अब जाकर सोशल मीडिया पर ये वायरल हो रहा है.

लोगों का आया ऐसा रिएक्शन

वायरल हो रहे इस कार्ड ने लोगों को काफी हंसाया. कई लोगों ने सौरभ नाम के शख्स को टैग किया और कहा कि देखो तुम्हारी क्या इज्जत है? वहीं सौरभ नाम के यूजर्स ने कमेंट में लिखा कि क्या रोहित उसकी एक्स से शादी कर रहा है? एक यूजर ने लिखा कि ये सौरभ काफी छिछोरा लगता है. शादी के इस कार्ड की ही तरह हाल के दिनों में कई सारे काड्र्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं. बीते दिनों राजस्थान में एक बीजेपी सपोर्टर कपल ने अपनी शादी के कार्ड पर नरेंद्र मोदी की तस्वीर छपवा दी थी. ये कार्ड भी काफी वायरल हुआ था.



# हार्ट अटैक से पहले शरीर के ऊपरी हिस्से में इन 5 जगहों पर होता है दर्द

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 03 जुलाई : हार्ट अटैक दुनिया भर में होने वाली मौतों के सबसे बड़े कारणों में से एक है. ज्यादातर लोग दिल के दौरे को अचानक होने वाली घटना के तौर पर देखते हैं लेकिन वास्तव में यह पूरी प्रक्रिया को होने में कई महीनों का समय लगता है. इस दौरान कई भी शरीर में नजर आने लगते हैं, जिसकी पहचान करके हार्ट अटैक की जानलेवा बीमारी से बचा जा सकता है।




हार्ट अटैक दुनिया भर में होने वाली मौतों के सबसे बड़े कारणों में से एक है. ज्यादातर लोग दिल के दौरे को अचानक होने वाली घटना के तौर पर देखते हैं लेकिन वास्तव में यह पूरी प्रक्रिया को होने में कई महीनों का समय लगता है. इस दौरान कई भी शरीर में नजर आने लगते हैं, जिसकी पहचान करके हार्ट अटैक की जानलेवा बीमारी से बचा जा सकता है। जबड़े में दर्दNHS के अनुसार, हार्ट अटैक को कई दिनों पहले जबड़े में होने वाले दर्द से पहचाना जा सकता है. दिल के दौरे के दौरान जबड़े का दर्द असहनीय रूप से महसूस हो सकता है। गर्दन में दर्दहार्ट अटैक का एक शुरुआती लक्षण गर्दन में दर्द होना भी है. ऐसे में यदि आपको लंबे समय से गर्दन में दर्द का अनुभव हो रहा है तो इसे मामूली ना समझें और डॉक्टर से जांच करवाएं।

कंधे में दर्दहार्ट के नजदीक होने के कारण अटैक होने की स्थिति में कंधे में दर्द का अनुभव होता है. ऐसे में कंधे में होने वाले अकारण दर्द को पहचान करके डॉक्टर से जांच कराना बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है.पीठ में दर्दहार्ट अटैक होने का एक लक्षण लगातार लंबे समय से होने वाले पीठ का दर्द भी है. हालांकि कई लोग इसे ज्यादा गलत तरीके से बैठने या सोने का परिणाम समझ लेते हैं लेकिन कई मामलों में यह दिल के दौरे से भी संबंधित होता है। सीने में दर्द सीने में दर्द हार्ट अटैक का एक सबसे कॉमन साइन है. यह केवल दिल का दौरा पड़ने पर ही नहीं बल्कि इसके होने से पहले भी कई बार संकेत के रूप में नजर आ सकता है।

# पोलिंग पार्टियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए तैयार रखे आकस्मिक प्लान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली। बद्रीनाथ विधानसभा उप निर्वाचन के दौरान भारी वर्षात की संभावना को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि चुनाव के दौरान आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए प्लान-बी के रूप में कार्ययोजना तैयार की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वर्षात के मौसम में भूस्खलन और जल भराव से सड़क मार्गो के अवरूद्व होने की प्रबल संभावना है। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क मार्गो पर संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करते हुए पर्याप्त संख्या में श्रमिक और जेसीबी तैनात की जाए। चिन्हित स्थलों पर पोलिंग पार्टियों के पारगमन के लिए दोनों ओर से आवश्यक संख्या में वाहनों को तैनात रखा जाए। सभी वाहनों पर जीपीएस की व्यवस्था रहें। अपरिहार्य परिस्थितियों से निपटने के लिए वैकल्पिक मार्गो को भी चिन्हित करें। ब्लॉक अधिकारी मतदेय स्थलों के पैदल मार्गो को दुरुस्त रखें। बारिश में मतदान कर्मियों, सुरक्षा बलों और ईवीएम एवं अन्य मतदान सामग्री की सुरक्षा के लिए रेनकोट, बरसाती की समुचित व्यवस्था की जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि बूथ हेल्थ मैनेजमेंट प्लान को अपरिहार्य परिस्थितियों के अनुरूप बनाया जाए। एम्बुलेंस एवं आवश्यक औषधि सहित प्रत्येक क्षेत्र में चिकित्सा दलों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। मतदेय स्थलों पर विद्युत, पेयजल, क्यू-शेड के साथ ही मतदान कार्मिकों के ठहरने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोनिवि, आरडब्लूडी, पीएमजीएसवाई, बीआरओ तथा सड़क मार्ग से संबधित अन्य विभाग, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और तहसील प्रशासन को आपस में निरंतर समन्वय रखते हुए अपरिहार्य परिस्थिति से निपटने हेतु प्लान के साथ सजग और सर्तक रहने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, पोखरी एसडीएम कमलेश मेहता, जोशीमठ एसडीएम सीएस बशिष्ठ, लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान, ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अला दिया, आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी, चुनाव व्यवस्थाओं से जुड़े सभी नोडल अधिकारी सहित सड़क, विद्युत, पेयजल, परिवहन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# आपदा की चनौतियों से निपटने के लिए मंथन, सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी : सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून,2 जुलाई बारिश के सीजन को देखते हुए उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पूरी तरह एलर्ट हो गया है ,जिसको देखते हुए यूएसडीएमए की ओर से सभी केंद्रीय अनुसंधान संस्थानों के साथ तैयारियों के संबंध में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न प्रकार की आपदाओं को लेकर होने वाले नुकसान का आकलन, न्यूनीकरण, राहत और बचाव कार्यों को लेकर चर्चा की गई ।बैठक की अध्यक्षता करते हुए सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदाएं हर साल कई चुनौतियां लेकर आती हैं। मानसून के दौरान बाढ़ और भूस्खलन से काफी जान-माल का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन एक विभाग का कार्य नहीं है बल्कि कई विभागों के आपसी सामंजस्य और तालमेल से आपदा की चुनौतियों से निपटा जा सकता है। विभिन्न अनुसंधान संस्थानों की रिसर्च आपदा से प्रभावी तरीके से निपटने में एक दिशा प्रदान कर सकती हैं।

**भूस्खलन और अन्य आपदा पर हुआ मंथन :** भूस्खलन के साथ ही अन्य आपदाओं से निपटने के लिए विभिन्न संस्थानों द्वारा किए जा रहे कार्यों अनुभवों और उनके द्वारा प्रयोग की जा रही तकनीकियों के बारे में डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने जानकारी लेते हुए बड़ी बारीकी से चर्चा करी ।सचिव डॉ. सिन्हा ने जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के साथ ही वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों से पूर्वानुमान को लेकर एक मॉडल विकसित करने को कहा, जिससे यह पता लग सके कि कितनी बारिश होने पर भूस्खलन की संभावना हो सकती है। उन्होंने कहा कि आपदाओं के प्रभावों को कम करने के लिए प्रभाव आधारित पूर्वानुमान बेहद जरूरी हैं।

**आईआईटी रुड़की प्रोजेक्ट होगा का सत्यापन :** सचिव डॉ. सिन्हा ने मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंस के नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी को आईआईटी रुड़की द्वारा विकसित भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली का सत्यापन करने को कहा। उन्होंने इस प्रोजेक्ट से जुड़े डाटा को एमईएस को भेजने के निर्देश दिए। जिससे यह पता लग सके कि यह कितना कारगर है।

फ्लड मैनेजमेंट प्लान बनाने के निर्देश

सचिव डॉ. सिन्हा ने कहा कि इनसार तकनीक आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में व्यापक बदलाव ला सकती है। उन्होंने एनजीआरआई के वैज्ञानिकों से इस पर उत्तराखंड के दृष्टिकोण से कार्य करने को कहा। उन्होंने एनआईएच रुड़की के वैज्ञानिकों को फ्लड प्लेन जोनिंग की रिपोर्ट और डाटा के इस्तेमाल कर उत्तराखंड के लिए फ्लड मैनेजमेंट प्लान बनाने के निर्देश दिए ।नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के निदेशक डॉ. ओपी मिश्रा ने बताया कि रियल टाइम लैंडस्लाइड अर्ली वार्निंग सिस्टम पर अमृता विश्वविद्यालय ने कार्य किया है और उनके रिसर्च का लाभ उत्तराखंड में भूस्खलन की रोकथाम में उठाया जा सकता है।अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन) आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (क्रियान्वयन) राजकुमार नेगी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी, यूएलएमएमसी के निदेशक शांतनु सरकार, मौसम केंद्र के निदेशक डॉ. विक्रम सिंह, डीडी डालाकोटी, मनीष भगत, तंद्रीला सरकार, रोहित कुमार, डॉ. पूजा राणा, वेदिका पंत, हेमंत बिष्ट, जेसिका टेरोन सहित केंद्रीय जल आयोग, मौसम विज्ञान केंद्र, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र, वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, सीबीआरआई रुड़की, एनजीआरआई हैदराबाद, भारतीय भूगर्भीय सर्वेक्षण संस्थान कोलकाता तथा देहरादून आदि संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# देहरादून : गढ़ी कैंट में बन रहे सामुदायिक भवन का नवंबर माह में होगा लोकार्पण : मंत्री गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

■ मंत्री ने एमडीडीए के अधिकारियों को स्ट्रीट लाईटों, सोलर लाइटों सौंदर्यकरण तथा सुधारीकरण आदि के कार्यों को शीघ्रता से कार्य करने के दिए निर्देश।



देहरादून 03 जुलाई : कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कैंप कार्यालय में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के अधिकारियों के साथ मसूरी विधानसभा क्षेत्र में एमडीडीए द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मंत्री गणेश जोशी ने अवस्थापना निधि के विकास कार्यों तथा एमडीडीए द्वारा वर्तमान में चल रहे और प्रस्तावित कार्यों की विस्तार से जानकारी ली।

मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को लंबित कार्यों का शीघ्रता से पूर्ण करने और नए कार्यों के इस्टीमेट अभिलंब तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मसूरी विधानसभा क्षेत्र में लगने वाली स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइटों की स्थापना, सौंदर्यीकरण तथा सुधारीकरण से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के साथ करने तथा सुनियोजित ढंग से कार्य करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने एमडीडीए के अधिकारियों को मसूरी में बन रहे इको पार्क के निर्माण तेज गति से कार्य करने तथा निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करने के भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मंत्री अधिकारियों से गढ़ी कैंट में निर्माणाधीन लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे सामुदायिक भवन का निर्माण की प्रगति की भी जानकारी ली। बैठक में अधिकारियों द्वारा मंत्री को अवगत कराया गया सामुदायिक भवन का निर्माण नवंबर माह तक पूर्ण किया जाएगा। मंत्री ने तय समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने अधिकारियों को कहा यह भी सुनिश्चित विधानसभा क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें जल्द से जल्द लगाई जाएं। उन्होंने नए विकास कार्यों में भूमि तथा वन स्वीकृति से संबंधित मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय बनाकर शीघ्र निराकरण कर कार्य किया जाए। ताकि जनहित के कार्यों में बिलंब न हो।

उन्होंने एमडीडीए के अधिकारियों को स्थानीय लोगों को आ रही आवासीय नक्शा पास कराने से सम्बन्धित सभी समस्याओं का समाधान के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर ईई एमडीडीए सुनील कुमार, अतुल गुप्ता, शेलेंद्र सिंह रावत, सचिन तोमर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दिवार पर कपड़े सुखाने डाल रहे थे दरोगा अचानक करंट लगने से हुई मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





उधमसिंह नगर 03 जुलाई : पुलभट्टा थाने में तैनात दरोगा सुरेश पसबोला बीती सुबह थाना परिसर में स्थित दीवार में कपड़े सुखाने के लिए डाल रहे थे इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गए और उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई ।प्रदेश के पुलिस विभाग के लिए एक बेहद ही दुःख की खबर है, कुमाऊँ मंडल के जनपद ऊधम सिंह नगर के पुलभट्टा थाने में तैनात दरोगा सुरेश पसबोला की आज सुबह करंट लगने से मौत हो गई, वे थाने के ही परिसर की दिवार पर अपने कपड़े सुखाने के लिए डाल रहे थे, इस दौरान यहाँ पर सोलर लाइट का पोल भी था जिसमें फैले करंट की चपेट में वो आ गए और उनकी मौत हो गई ।दरोगा सुरेश पसबोला मूलरूप से पौड़ी जिले के गांव नैणी थाना पट्टी लंगूर के रहने वाले थे। उनके निधन की खबर सुनकर पूरे प्रदेश के पुलिस महकमे में शोक की लहार दौड़ पड़ी है। डीजीपी अभिनव कुमार और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने स्व. सुरेश पसबोला के आकस्मिक निधन पर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक-संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ प्रकट की हैं।

## प्राथमिक कक्षा में आने से पहले सिखाई जाएगी बच्चों को अपनी मातृभाषा

रुद्रप्रयाग। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों को अब अपनी मातृभाषा सिखाई जाएगी। इसके लिए मंगलवार को डायट रतूड़ा द्वारा विकसित बिज्वाड़ पुस्तिका के प्रथम अंक का विमोचन कर दिया गया। गढ़वाली शिक्षक संदर्शिका बिज्वाड़ का उद्देश्य बच्चों में अपनी मातृभाषा को सीखने के प्रति रूचि पैदा करना है। डाइट रतूड़ा सभागार में विमोचन कार्यक्रम के मौके पर मुख्य अतिथि रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक भरत सिंह चौधरी, अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह और विशिष्ट अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र कुमार बिष्ट, नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा पार्वती गोस्वामी, प्रभारी प्राचार्य डाइट रतूड़ा हरि बल्लभ डिमरी द्वारा किया गया। बताया गया कि यह शिक्षक संदर्शिका राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों पर आधारित पूर्व प्राथमिक कक्षाओं (आंगनवाड़ी) की शिक्षिकाओं के लिए जनपद की क्षेत्रीय लोक भाषा गढ़वाली में लिखी गई है।

## विहिप और बजरंग दल के अभ्यास वर्ग में संगठन की मजबूती पर जोर

रुद्रप्रयाग। मुख्यालय में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन हो गया। इस मौके पर कई सदस्यों को जिम्मेदारियों दी गई। साथ ही संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। नगर स्थित मधुर मिलन वैडिंग प्वांइट में आयोजित कार्यक्रम विहिप के जिलाध्यक्ष भरत रावत की अध्यक्षता में संपन हुआ। कार्यक्रम में विहिप के प्रांत मंत्री धीरेंद्र शर्मा और विभाग मंत्री वेद प्रकाश ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। अतिथियों द्वारा संगठन की मजबूती और इसके विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओ से संवाद किया गया।

# जितना सोचोगे, उतना जियोगे, व्यस्त दिमाग घटाता है डिमेंशिया का खतरा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 जुलाई : डिमेंशिया एक ऐसी बीमारी है जो दिमाग की काम करने की क्षमता को कमजोर कर देती है. याददाश्त कमजोर होना, निर्णय लेने में परेशानी और सीखने में दिक्कतें डिमेंशिया के कुछ लक्षण हैं. उम्र बढ़ने के साथ डिमेंशिया का खतरा भी बढ़ जाता है. लेकिन हाल ही में हुए एक अध्ययन में ये पाया गया है कि दिमागी रूप से व्यस्त रहने से डिमेंशिया का खतरा कम हो सकता है। यह अध्ययन जर्नल ऑफ न्यूरोलॉजी में प्रकाशित हुआ है. इसमें शोधकर्ताओं ने 70 साल से ज्यादा उम्र के 790 लोगों पर शोध किया. इन लोगों को उनकी दिमागी गतिविधियों के आधार पर 4 ग्रुपों में बांटा गया।



पहला ग्रुप- जिन लोगों की दिमागी गतिविधियां बहुत ज्यादा थीं.

दूसरा ग्रुप- जिन लोगों की दिमागी गतिविधियां मध्यम थीं.

तीसरा ग्रुप- जिन लोगों की दिमागी गतिविधियां कम थीं.

चौथा ग्रुप- जिन लोगों को पहले से ही डिमेंशिया था.शोधकर्ताओं ने 12 साल तक इन लोगों का निरीक्षण किया. अध्ययन के दौरान 237 लोगों को डिमेंशिया हो गया. शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लोगों की दिमागी गतिविधियां बहुत ज्यादा थीं, उनमें डिमेंशिया होने का खतरा सबसे कम था. वहीं, जिन लोगों की दिमागी गतिविधियां कम थीं, उनमें डिमेंशिया होने का खतरा सबसे ज्यादा था. अध्ययन के मुख्य लेखक का कहना है कि हमारा अध्ययन बताता है कि दिमाग को लगातार उत्तेजित करना डिमेंशिया के खतरा को कम करने में मदद कर सकता है.

तो दिमाग को कैसे व्यस्त रखा जाए?

- नई चीजें सीखें. कोई नया भाषा सीखें, कोई नया इंस्ट्रूमेंट बजाना सीखें या फिर पेंटिंग, डांस आदि कोई नया हुनर सीखें.
- पहेलीयां सुलझाएं. सुडोकू, क्रॉसवर्ड जैसी पहेलीयां दिमाग की कसरत करने का शानदार तरीका हैं.
- किताबें पढ़ें. किताबें पढ़ने से न सिर्फ आपका ज्ञान बढ़ता है बल्कि आपकी मेमोरी भी तेज होती है.
- सामाजिक रूप से जुड़े रहें. दोस्तों और परिवार के साथ मिलें-जुलें, नई लोगों से बातचीत करें.
- मानसिक व्यायाम करें. कुछ देर के लिए शांत बैठकर ध्यान लगाएं.

यह अध्ययन डिमेंशिया के बचाव के लिए एक नई उम्मीद जगाता है. दिमाग को तेज और हेल्दी रखने के लिए दिमागी रूप से एक्टिव रहना बहुत जरूरी है.

# इकलौता होटल, जहां सुविधा नहीं मिलती, बेइज्जती कर वसूले जाते हैं पैसे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 जुलाई : आमतौर पर लोग अपनी जिंदगी से थोड़ा सा ब्रेक लेते हैं और होटलों में खाने-पीने और लग्ज़री का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं. कहीं भी जाना हो, सबसे पहले ये चेक किया जाता है कि वहां क्या-क्या सुविधाएं मिल रही हैं और स्टाफ का रिव्यू क्या है. सोचिए, ऐसे में अगर आपको वहां पहुंचते ही स्वागत के बजाय भद्दे मज़ाक और गंदी तरह से व्यवहार करने वाले लोग मिलें, तो आप क्या करेंगे।



दरअसल हम आपको ये सब इसलिए बता रहे हैं क्योंकि एक रेस्टोरेंट ऐसा है, जहां पैसे लेकर भी कस्टमर्स को गालियां दी जाती हैं और वे चुपचाप बेइज्जती सह लेते हैं. यहां के स्टाफ से कुछ भी कहने का मतलब है, उनसे उल्टा जवाब सुन लेना. ऐसा नहीं है कि वो अपने मन से ऐसा करते हैं, दरअसल उन्हें भी अपमान करने के ही पैसे मिलते हैं. है ना दिलचस्प।

ग्राहकों को बेइज्जत करने वाला होटल

हम जिस होटल की बात कर रहे हैं, वो लंदन के बर्नेट में मौजूद है. जिसे कैरेंस होटल के नाम से जानते हैं. यहां पहले से ही कैरेंस डाइनर नाम से रेस्टोरेंट था, जिसमें अब होटल को भी जोड़ा गया है. यहां आने वाले ग्राहकों को खाने के साथ-साथ जमकर बेइज्जत किया जाता है. होटल स्टाफ से अगर ठहरने वाले पानी भी मांग लें, तो सामने जवाब मिलता है कि सिंक से ले लो. वे खुद का विज्ञापन भी इसी तरह करते हैं कि वो दुनिया के सबसे खराब होटल हैं. यहां आने वालों को तौलिया, टॉयलेट रोल्स और बेसिक सुविधाएं भी नहीं दी जाती हैं।

20 हजार है एक रात का किराया

ऐसा नहीं है कि इतने के बाद होटल का किराया कम है. यहां रुकने के लिए एक रात का रेंट 20 हज़ार रुपये है. कमरे में इतनी गंदगी रहती है कि देखकर दिमाग खराब हो जाए. न बिस्तर लगा रहता है और न ही चीजें सही जगह पर रखी रहती हैं. इस होटल को साल 2021 में ऑस्ट्रेलिया में खोला गया था, जिसकी चेन अब ब्रिटेन में भी मौजूद है. यहां के वेटर और वेट्रेस इस बात में ट्रेंड होते हैं कि सामने वाले ग्राहक की बेइज्जती किस तरह की जाए।

# राज्य में पलायन रोकने हेतु फ्यूचर विजन पर काम करें : महाराज

देहरादून। ग्रामीण निर्माण विभाग के मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य में पलायन रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर लोगों से संवाद बनाकर फ्यूचर प्लानिंग के विजन पर काम करने की जरूरत है। मंगलवार को ग्रामीण निर्माण विभाग के मुख्यालय में नव नियुक्त इंजीनियरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह बात कही। महाराज ने नव नियुक्त सहायक अभियंताओं को प्रदेश सरकार के विजन, विभागीय योजनाओं और उसकी कार्य प्रणाली की जानकारी देते हुए कहा कि इंजीनियरों के करियर की यह एक नई शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह उनके समर्पण चुनौतियों और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों की यात्रा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए जो सही है वही करें। महाराज ने कहा कि आज शहरी ग्रामीण विभाजन को कम करने की जरूरत है। बुनियादी ढांचे का विकास केवल सड़कों और पुलों के निर्माण से ही नहीं होगा। बल्कि लोगों को अवसरों, संसाधनों और सेवाओं से जोड़ने की जरूरत है। महाराज ने कहा कि हमें दूरस्थ क्षेत्रों में अपनी पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। ताकि बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को भी कम किया जा सके।

# डेंगू रोकथाम पर प्रभावी कदम उठाए जाने की मांग को स्वास्थ्य सचिव को ज्ञापन सौंपा

देहरादून। कांग्रेसियों ने मंगलवार को डेंगू पर रोकथाम को प्रभावी कदम उठाए जाने की मांग को स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक राजकुमार एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि बरसात का सीजन शुरू ही हुआ है और डेंगू के संदिग्ध मरीज सामने आने लगे हैं। अस्पतालों में दवाओं, जांच एवं स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था की जाएं। जो इलाके संवेदनशील है, उनमें अभियान तेज किया जाएं। सरकारी एवं निजी स्कूलों में लगातार निरीक्षण हो। डेंगू के उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड से मुफ्त सुविधा दी जाएं। अस्पतालों और ब्लड बैंकों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए जाएं। मरीजों की मदद और काउंसलिंग के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएं। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता दीप वोहरा, राकेश पंवार आदि मौजूद रहे।

# केवी अपर कैंप में अधिष्ठापन समारोह

देहरादून। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय अपर कैंप देहरादून में सोमवार को नव नियुक्त शिक्षकों का पांच दिवसीय अधिष्ठापन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें अखिल भारतीय केंद्रीय विद्यालय संगठन के छः संभागों के 52 नव नियुक्त शिक्षकों ने भाग लिया। वाडिया इंस्टिट्यूट ऑफ जियोलॉजी के निदेशक कलाचंद साईं ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर कोर्स डायरेक्टर अवधेश दुबे, प्रधानाचार्य मनीषा मखीजा, केके मिश्रा आदि मौजूद थे।

# दिनदहाड़े मंदिर में हुई चोरी, शीघ्र खुलासे की मांग

अल्मोड़ा। सोमवार शाम एक शख्स ने नगर से सटे शैल ग्राम में मां उल्का देवी मंदिर में चोरी का प्रयास किया। चोर की सारी गतिविधियां मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस दौरान मंदिर के साधु मंदिर में मौजूद नहीं थे। चोर सड़क पर स्कूटी खड़ी कर मंदिर में चोरी करने पहुंचा था। चोर ने सिर पर हेलमेट डाला हुआ था। इससे एक दिन पूर्व गंगनाथ मंदिर एनटीडी में भी चोरी हुई थी। चोरी की घटनाओं के खुलासे हेतु मंगलवार को शैल के ग्रामीणों ने एनटीडी चौकी का घेराव किया एवं ज्ञापन दिया एवं जल्द से जल्द चोरी की घटनाओं का खुलासा करने को कहा।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री रेखा आर्या ने की नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और प्रह्लाद जोशी से मुलाकात

देहरादून। प्रदेश की खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या ने नई दिल्ली में केंद्रीय महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और केंद्रीय खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात की। मंगलवार को आर्या ने बताया कि देवी और जोशी को केंद्रीय मंत्री बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने दोनों मंत्रियों को राज्य में चल रही महिला कल्याण बाल विकास और खाद्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। आर्या ने बताया कि दोनों मंत्रियों ने राज्य के विकास और राज्य के लोगों के हित से जुड़े सभी विषयों पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### एकल महिलाओं को स्वरोजगार के लिए मिलेगी सहायता

देहरादून। मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना का लाभ 18 से लेकर 50 साल तक एकल महिलाओं को मिलेगा। योजना को लागू करने के लिए विभाग के पास दस करोड़ रुपए का सेस जमा हो चुका है। प्रदेश सरकार एकल महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लंबे समय से मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना लागू करने की तैयारी कर रही है। योजना की रूप रेखा तय करने के लिए वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में उप समिति का गठन किया गया है। मंगलवार को विधानसभा में आयोजित उप समिति की बैठक के बाद वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग से प्राप्त होने वाले अतिरिक्त शुल्क के जरिए मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के लिए दस करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई। उन्होंने बताया कि इस योजना के जरिए सरकार प्रदेश में निवासरत विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता, किन्नर, अपराध एवं एसिड हमलों से पीड़ित एकल महिलाओं को को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए अनुदान देगी। इसके तहत ऐसी महिलाओं को कृषि, बागवानी, पशुपालन, कुकुट पालन, भेड़ पालन, बकरी पालन, उद्यान, बुटीक, टेलरिंग, जनरल स्टोर, टिफन सेवा, कैंटीन, कैटरिंग, प्लम्बर, इलैक्ट्रिशियन, डाटा एन्ट्री कार्य, कम्प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, टेली कॉलिंग जैसे कार्यों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 18 से 50 वर्ष तक की आयुसीमा वाली एकल महिलाएं ही पात्र होंगी। जल्द ही अगली बैठक बुलाकर, अनुदान की राशि तय कर दी जाएगी। इसके बाद इसे कैबिनेट मंजूरी के बाद इसी साल प्रदेश भर में लागू किया जाएगा। बैठक में सचिव चंद्रेश कुमार यादव, अपर सचिव प्रशांत आर्य भी उपस्थित हुए।

### एनएसयूआई ने किया डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

देहरादून। एनएसयूआई ने प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी के नेतृत्व में मंगलवार को डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को एक ज्ञापन भी भेजा। जिसमें परीक्षाओं और दाखिलों में हो रही अनियमितताओं पर रोक लगाने की मांग की गई। विकास नेगी ने कहा कि परीक्षाओं का बार बार लीक होना और अनियमितताओं ने उन लाखों छात्रों के भरोसे को तोड़ दिया है जो पारदर्शिता और निष्पक्षता पर अपना भविष्य बनाने की इच्छा रखते हैं। कहा कि उत्तराखंड प्रदेश के छात्रों एवं अभिभावकों पर प्रदेश के कॉलेज की ओर से दी जाने वाली हॉस्टल की सुविधा एवं बस सुविधा अनिवार्य रूप से लेने का दबाव बनाया जा रहा है। जो की गलत है। कहा कि पेपर लीक होने से मेहनत करने वालों का मनोबल टूट जाता है। कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने वाले छात्रों एवं अभिभावकों पर कॉलेज की ओर से दी जाने वाली हॉस्टल की सुविधा एवं बस सुविधा अनिवार्य रूप से लेने का दबाव बनाया जा रहा है तथा ये सुविधायें नहीं लेने पर प्रवेश देने से मना किया जा रहा है। शिक्षण संस्थानों द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि यह सुविधा चाहे एक माह के लिए ली जाय परन्तु फीस पूरे वर्षभर की देनी होगी तभी प्रवेश दिया जाएगा। इस अवसर में कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता संदीप चमोली,एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप तोमर, अभय कात्युरा, पूर्व अध्यक्ष अरुण टम्टा, हरीश जोशी, प्रांचाल नौनी, पुनीत राज,हर्ष दिवाकर,मुकेश बसेरा,भुवन पांडे, सोनाली, निकालशी, बसंत, अतुल पंवार, हिमांशु घाघट आदि छात्र मौजूद रहे।

### बेरोजगार संघ ने शिक्षा विभाग पर लगाए भ्रष्टाचार आरोप

देहरादून। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने मंगलवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। आरोप लगाया कि उत्तराखंड में युवाओं के भविष्य को बेचने का खेल फिर से शुरू हो गया है। बेरोजगार संघ इसका पुरजोर विरोध करेगा। अध्यक्ष बॉबी पंवार ने कहा कि शिक्षा विभाग में ऐसे अपर निदेशक को माध्यमिक शिक्षा निदेशक बनाया गया, जिस पर भ्रष्टाचार के चार आरोप सिद्ध हैं। कहा शिक्षा विभाग के कुछ आलाधिकारी वसूली एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं। बीआरपी और सीआरपी के 955 पदों को भरने के लिए एक बाहरी कंपनी का चयन किया गया, यह कंपनी मानक पूरे नहीं करती है, जबकि उत्तराखंड की एक कंपनी जो मानक पूरे करती है, उसे बाहर किया गया। कंपनी इस मामले को हाईकोर्ट में ले गई, हाईकोर्ट की डबल बेंच ने भी चयन को गलत करार दिया, इसके बावजूद अभी कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि जो कंपनी स्वयं मानक पूरे नहीं कर रही है, वह पढ़े लिखे युवाओं से कई तरह के प्रमाणपत्र मांग रही है।

# उत्तराखंड : गढ़वाल यूनिवर्सिटी से PG करेगी बेटी तो मिलेगी 84 हजार रूपये छात्रवृत्ति

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

श्रीनगर गढ़वाल 03 जुलाई : गढ़वाल केन्द्रीय विवि इस सत्र से पीजी कर रही ऐसी छात्राओं को 42 हजार रूपये की सालाना स्कॉलरशिप देने जा रहा है जो अपने माता-पिता की एकलौती बेटी हैं। यानी सिंगल गर्ल चाइल्ड होने पर छात्राएं इस योजना का लाभ उठा पाएंगी।बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने इंदिरा गांधी सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप योजना शुरू की है। प्रो. एम.एस. नेगी ने कहा कि यूजीसी की गाइडलाइन के तहत इस साल से गढ़वाल विवि में प्रवेश लेने वाली उन छात्राओं को इस योजना का लाभ मिलेगा जो परिवार की इकलौती बेटी हैं अर्थात जिसका कोई भाई या बहन न हो। इस छात्रवृत्ति के लिए छात्रा की उम्र 30 वर्ष से कम होनी आवश्यक है। पीजी में प्रवेश के दौरान पहले साल में कमरे का किराया व अन्य खर्चों को मिलाकर 42 हजार रुपये और दूसरे साल भी 42 हजार रुपये दिए जाएंगे, इस प्रकार पोस्ट ग्रेजुएशन के दोनों वर्षों को मिलाकर कुल छात्रवृति 84 हजार मिलेगी।यदि कोई छात्रा इस पात्रता को पूरा करते हैं तो उनके लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराए जा रहे हैं, योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए छात्रा को एनएसपी (नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल) की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसमें प्रमाणपत्र, नोटरी और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। साथ ही विवि के ऑनलाइन पीजी पंजीकरण पोर्टल पर भी सिंगल चाइल्ड का विकल्प चुनना होगा। इस योजना का लाभ एक वर्ष के डिप्लोमा कोर्स करने वाली छात्राएं भी लाभ उठा सकेंगी। ये छात्रवृत्ति गढ़वाल विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों के साथ-साथ इससे संबद्ध सभी सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में भी लागू होगी।





# उत्तराखंड : अब सुगम से सुगम में भी होंगे शिक्षकों और कर्मचारियों के तबादले


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून 03 जुलाई : उत्तराखंड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानांतरण अधिनियम 2017 के तहत इन दिनों शिक्षा विभाग के शिक्षकों और कर्मचारियों की स्थानांतरण की प्रक्रिया चल रही है। मैदानी जिले हरिद्वार और देहरादून में आने के लिए शिक्षक मंत्रियों और विधायकों के कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन वहीं कुछ ऐसे शिक्षक हैं जो पहाड़ों की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए दुर्गम में ही रहना चाहते हैं। किसी भी विभाग में जब तबादले की प्रक्रिया चलती है तो हर कोई दुर्गम से सुगम में आना चाहता है। कुछ तो इसके लिए सिफारिश से लेकर मोटा पैसा भी देते हैं। इस बीच शिक्षा विभाग से कुछ इस प्रकार की खबर सामने आ रही है जिसमें हजारों की संख्या में शिक्षक पहाड़ों से नीचे उतरना ही नहीं चाहते वे लोग पहाड़ों के लिए मिसाल बनाकर सबके लिए एक उदाहरण बने हैं। पहाड़ो में बिगड़ती शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए वो वहीं डटे रहना चाहते हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट के मुताबिक इन सभी शिक्षकों ने दुर्गम में ही डटे रहने के लिए शिक्षा विभाग को आवेदन किया है।शिक्षा विभाग के वे शिक्षक जो वर्षों से पहाड़ के दूरदराज के विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और इसके बावजूद वे सुगम स्थान पर न जाकर पहाड़ में ही बने रहना चाहते हैं, वे शासन और प्रशासन के उन अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक आदर्श उदाहरण हैं, जो पहाड़ में सेवा को एक सजा मानते हैं। इन शिक्षकों ने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि वे सुगम क्षेत्र के विद्यालयों में तैनाती नहीं लेना चाहते। इनमें 1248 प्रवक्ता शामिल हैं, जबकि गढ़वाल मंडल में 1543 और कुमाऊं मंडल में 1102 सहायक अध्यापक एलटी के पद हैं। शिक्षा निदेशक के अनुसार सुगम क्षेत्र में तैनाती से इनकार करने वाले ये शिक्षक दुर्गम क्षेत्र के विद्यालयों में ही अपनी सेवाएँ देते रहेंगे। इससे उन शिक्षकों को लाभ मिलेगा जो वर्षों से दुर्गम से सुगम में नहीं आ पा रहे हैं।

# चाय के हैं शौकीन, तो दिन में इस समय के बाद भूलकर भी न पिएं चाय

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट 03 जुलाई : चाय एक ऐसा पेय पदार्थ है, जिसे पूरी दुनिया में खूब पिया जाता है. भारत की ही बात करें तो यहां लोगों की सुबह चाय के बिना नहीं हो पाती. बहुत लोग तो ऐसे हैं जो अगर सुबह-सुबह चाय न पिएं, तो उनका सिर दिनभर दर्द करने लगता है. पर चाय पीने का भी सही वक्त होता है. ऐसा हम नहीं, एक्सपर्ट्स बोल रहे हैं. हाल ही में एक एक्सपर्ट ने बताया कि चाय पीने का सही वक्त क्या है. अगर आप भी चाय के शौकीन (ideal time to stop drinking tea) हैं, तो आपको भूलकर भी इस वक्त के बाद चाय नहीं पीनी चाहिए. कारण जानकर आप हैरान हो जाएंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 'मैट्रेस नेक्स्ट डे' नाम की कंपनी के सीईओ और स्लीप एक्सपर्ट मार्टिन सीले ने बताया है कि लोगों को दिन में किस वक्त के बाद चाय (Best time to drink tea) नहीं पीनी चाहिए. उन्होंने इसका कारण भी दिया है. मार्टिन ने बताया कि लोगों को दिन में 3 बजे के बाद चाय का सेवन नहीं करना चाहिए. 21 अप्रैल को ब्रिटेन में नेशनल टी डे मनाया जाता है. इस मौके पर उन्होंने लोगों को चाय पीने के सही वक्त के बारे में बताया।

3 बजे के बाद क्यों नहीं पीनी चाहिए चाए

रिपोर्ट में बताया गया है कि ब्रिटेन में हर दिन चाय के 10 करोड़ कप पिए जाते हैं. सोचिए फिर भारत में क्या हाल होगा, जहां की आबादी ही इतनी ज्यादा है. मार्टिन ने कहा कि चाय में अमीनो एसिड एल-थेनाइन होता है जो लोगों को रिलैक्स कर देता है. हालांकि, उन्होंने कहा कि जिन ड्रिंक्स में कैफीन है, अगर उसे सोने से 6 घंटे के पहले पिया जाए, तो इससे नींद में काफी समस्या होती है. इस वजह से उन्होंने कहा कि दिन में 2 से 3 बजे के बाद चाय को हाथ भी नहीं लगाना चाहिए।

**3 बजे के बाद पी सकते हैं ये चाय**

मार्टिन के अनुसार चाय में कैफीन होता है और वो नींद पर बुरा असर डालता है. उसका असर काफी लंबे वक्त तक होता है. अगर किसी को नींद न आने की समस्या है, तो उसे इस समय का खास ध्यान देना चाहिए. अब अगर किसी को 3 बजे के बाद चाय पीने की तलब हो रही है, तब उन्हें क्या करना चाहिए? इसके लिए भी कुछ सुझाव डेली स्टार की रिपोर्ट में बताए गए हैं. जैसे आप लैवेंडर चाय पी सकते हैं. इसमें कैफीन नहीं होता, ये अच्छी नींद लाने में मदद करती है. इससे एंग्जाइटी और डिप्रेशन की समस्या भी खत्म होती है. इसके अलावा कैमोमाइल चाय और वैलेरियन चाय भी काफी फायदेमंद मानी जाती है, जो नींद में खलल नहीं डालती और 3 बजे के बाद पिया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजयुमो ने किया राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून। भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर की ओर से अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में राहुल गांधी के खिलाफ मंगलवार को लैंसडाउन चौक पर प्रदर्शन किया गया। मोर्चा ने राहुल गांधी के बयानों पर आपत्ति जताते हुए कांग्रेस भवन कूच भी किया। प्रदर्शन के दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी से हिंदू विरोधी अभद्र टिप्पणी के लिए माफी मांगने की भी मांग की गई। इस दौरान युवा मोर्चा प्रदेश की महामंत्री विपुल मैंदोली, युवा मोर्चा प्रभारी संकेत नौटियाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अर्चित डावर,आशीष रावत,अंशुल चावला, राजेश रावत, नीरज पंत,भावना चौधरी, शुभम सिमल्टी,ऋषभ पाल, प्रगति रावत,तरुण जैन, पारस गोयल, शुभम सती, शुभम भंडारी,नवीन कुमार, तरुण चमोली, हर्ष, शिवम, दीपक फर्तियाल, कुलदीप रावत, अजय नेगी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

### उत्तराखंड समानता पार्टी ने किया कार्यकारिणी विस्तार

देहरादून। उत्तराखंड समानता पार्टी ने मंगलवार को अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में विस्तार कर दिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वीके बहुगुणा ने उपाध्यक्ष पद पर चंदन सिंह नेगी एवं डॉक्टर डीके शर्मा को नियुक्त किया है। प्रमुख महासचिव एलपी रतूड़ी ने बताया कि संगठन सचिव के पद पर एसपी नैथानी को नियुक्त किया है तथा महासचिव के पद पर श्वैभव जोशी को नियुक्त किया है। वैभव जोशी को कुमाऊं मंडल का प्रभारी भी नियुक्त किया गया है।

### छात्रों को दी नए कानूनों की जानकारी

देहरादून। सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल (एसबीपीएस) में मंगलवार को देहरादून पुलिस ने छात्रों को देश में लागू हुए तीन नये कानून की जानकारी दी। यह कार्यक्रम सडक सुरक्षा अभियान के तहत आयोजित किया गया था। पुलिस ने नाबालिग छात्रों को दोपहिया वाहन न चलाने की नसीहत दी। साथ ही बताया कि नये कानून के तहत यदि कोई नाबालिग दुपहिया वाहन चलाते हुए पकड़ा गया तो उसके अभिभावक को 25 हजार रुपये जुर्माने के साथ ही सजा का प्रावधान है। बलूनी ग्रुप के प्रबंध निदेशक विपिन बलूनी ने कहा कि छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी होना जरूरी है। इससे न केवल जागरूकता आएगी बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। उन्होंने मित्र पुलिस के इस अभियान की सराहना की। एसबीपीएस परिसर में आयोजित जागरूकता शिविर में देहरादून पुलिस के सीनियर सब इंस्पेक्टर मनमोहन सिंह, सब इंस्पेक्टर ललिता तोमर और सब इंस्पेक्टर भास्कर थपलियाल ने छात्रों को नये कानूनों, यातायात नियमों और मोटर अधिनियम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 के नये नियम के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा यातायात नियम तोड़ने पर या अभिभावकों द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दोपहिया वाहन देने पर 3 माह से लेकर 3 वर्ष तक सजा का प्रावधान है। इस दौरान प्रिंसिपल पंकज नौटियाल, एएसआई रंजना प्रसाद, हेड कॉस्टेबल अनूप मिश्रा, कॉस्टेबल पंकज मलासी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### कौशल विकास में 91 अनुदेशकों के प्रमोशन

देहरादून। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग 91 अनुदेशकों का प्रमोशन कर दिया गया है। इन सभी अनुदेशकों को फौरमैन अनुदेशक (कार्यदेशक) के पद पर पदोन्नत किया गया है। कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विभागीय अफसरों को जल्द सभी खाली पदों पर पदोन्नति सुनिश्चित कराने के आदेश दिए। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि खाली पदों पर जल्द पदोन्नति सुनिश्चित कराई जा रही है। इसके लिए अफसरों को नियमित रूप से हर बैठक में निर्देश दिए रहे हैं। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार की ओर से उपलब्ध करायी गई चयन संस्तुति के आधार पर डीपीसी कर 91 अनुदेशकों का प्रमोशन किया गया। इन सभी पात्र अनुदेशकों के फौरमैन (कार्यदेशक) पद पर पदोन्नति के प्रस्ताव पर अनुमोदन दे दियाग या है। अब इन सभी को पदोन्नत पद पर तैनाती दी जाएगी। कहा कि अफसरों को साफ किया गया है कि पदोन्नति के मामले में लापरवाही न बरती जाए। कोई भी पद खाली होते ही तत्काल पदोन्नति की जाए। ताकि कोई भी पात्र कर्मचारी पदोन्नति से वंचित न रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की बुद्धि शुद्धि के लिए मौन रखा

हरिद्वार। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता राहुल गांधी के हिन्दुओं को लेकर दिए गए बयान को लेकर मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई। उन्होंने लाल माता मंदिर प्रांगण में मौन साधना कर राहुल गांधी की बुद्धि-शुद्धि की कामना की।इस दौरान भाजपा नेता अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि हिन्दुओं को हिंसक बताकर राहुल गांधी ने साबित कर दिया है कि उनकी आस्था हिन्दू धर्म और सनातन संस्कृति में नहीं है। धर्मनिरपेक्षता का ढोंग करते हुए कांग्रेसजन कब धर्म विरोधी हो गए, इसका प्रमाण लोकसभा में दिया गया राहुल गांधी का बयान है। कहा कि हिन्दू धर्म ने वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिनम का संदेश दुनिया को दिया है।

# देहरादून की स्नेह राणा ने रचा इतिहास, टेस्ट मैच में 10 विकेट लेने वाली पहली भारतीय स्पिनर बनी





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 03 जुलाई : भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच महिला क्रिकेट टीमों का टेस्ट मैच खेला गया जिसमें भारत ने शानदार जीत हासिल की। दून की स्नेहा राणा ने इस मैच की दो पारियों में कुल 10 विकेट लेकर हॉल लेकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है।

भारत ने टी20 विश्व कप में साउथ अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की जिससे पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ महिला क्रिकेट टीम ने भी टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीका की टीम को हराकर जीत दर्ज की है। बीते 1 जुलाई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच का समापन हुआ जिसमें भारत की महिला टीम ने शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में भारत ने 603 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ा है और एक नया विश्व रिकॉर्ड भी सेट किया है। इस मैच में भारत ने अपनी शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी के ऑलराउंड प्रदर्शन से साउथ अफ्रीका की पूरी टीम को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

इस मैच में दून की स्नेहा राणा ने पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका के आठ विकेट लिए और दूसरी पारी में भी उन्होंने दो विकेट हासिल किए। दोनों परियों में 10 विकेट लेकर उन्होंने टीम इंडिया को जीत दिलाई। स्नेहा ने वर्ष 2014 में वनडे क्रिकेट में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू किया जिसमें उन्होंने ओवर की पहली ही गेंद पर विकेट चटकाया था। स्नेहा ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट मैच में चार विकेट और 50 रनों की नाबाद पारी खेली थी। यह कारनामा करने वाली वह भारत की पहली महिला खिलाड़ी हैं। उनके कोच नरेंद्र शाह ने बताया कि स्नेह ने नौ साल की उम्र में देहरादून के लिटिल मास्टर क्रिकेट क्लब में खेलना शुरू किया था, वो डब्ल्यूपीएल में गुजरात की उप-कप्तान हैं और टीम की कप्तानी भी कर चुकी हैं। स्नेह की इस उपलब्धि से उनके घर और देहरादून में खुशी की लहर है।

# राहुल गांधी का बयान 110 करोड़ हिंदुओं को अपमानित करने वाला : प्रेमचंद अग्रवाल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने मंगलवार को बलवीर रोड स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद में झूठ और तथ्यहीन बाते कहकर 110 करोड़ हिंदुओं की भावनाओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो बातें सदन में कही उनके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। अग्रवाल ने तंज कसते हुए कहा कि बार-बार लॉन्चिंग के बावजूद लगातार फेल साबित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उनका भाषण झूठ, निराशा और तथ्यहीन बातों से भरा हुआ था। अग्रवाल ने आरोप लगाया कि अपने भाषण के दौरान राहुल गांधी का आचरण भी संसदीय गरिमा के अनुरूप नहीं था। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के रूप में अपने अनुभव के आधार पर मुझे लगा कि राष्ट्रपति के जिस अभिभाषण पर चर्चा हो रही थी उस पर एक भी शब्द बोलने की बजाए उन्होंने हिंदू भावनाओं को आहत करने का काम किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर के चित्र को सदन के पटल पर रखना सनातन और सदन का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि अग्निवीर, किसान, एमएसपी, अयोध्या को लेकर की नेता प्रतिपक्ष ने सदन में गलत बयानी की। उन्होंने राहुल गांधी पर पीठ का भी अपमान करने का आरोप लगाया। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, कमलेश उनियाल, राजेंद्र नेगी, संजीव वर्मा, मधु भट्ट, कमलेश उनियाल आदि मौजूद रहे।

# हल्द्वानी : सौरभ जोशी से मिलने इंदौर से भागकर हल्द्वानी पहुंचा 13 वर्षीय फैन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



हल्द्वानी 03 जुलाई : यूट्यूबेर सौरव जोशी को मिलने इंदौर से आठवीं कक्षा में पढ़ने वाला छात्र घर से भागकर हल्द्वानी पहुँच गया। इतना ही नहीं उसने किराया जोड़ने के लिए किराने की दुकान में तक काम किया और जब पेंसे इकठ्ठा हो गए तो भागकर वह सीधे यूट्यूबर के घर पहुंचा।मिली जानकारी के अनुसार यूट्यूबर सौरव जोशी को मिलने के लिए एक फैन इंदौर (एमपी) से भागकर हल्द्वानी पंहुचा गया। यूट्यूबर से मिलने के बाद उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी फिर पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल करके बच्चे के परिजनों को सूचना दी है। पुलिस के अनुसार किशोर 13 साल का है और आठवीं में पढ़ता है। पुलिस और बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने जब किशोर के परिजनों से बात की तो वे हैरान रह गए। पूछताछ में पता चला कि किशोर की मां इंदौर में राइस मिल में काम करती हैं, जबकि उसका बड़ा भाई इंदौर सिटी बस में कंडक्टर की नौकरी करता है।बच्चा बहुत दिनों से यूट्यूब पर सौरव जोशी को देख रहा था और इस से प्रेरित होकर उसने मिलने की योजना बनाई। उसने किराया जोड़ने के लिए किराने की दुकान में कुछ दिन काम किया और फिर उसके बाद ट्रैन पकड़कर पहले दिल्ली पहुंचा और यहाँ से बस में सीधे हल्द्वानी पहुँच गया। हैरान करने वाली बात है कि 1000 किलोमीटर की यात्रा करके वह अपने मनपसंद यूट्यूबेर से मिलने उसके घर तक पहुँच गया। परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई और आज वो बच्चे को ले जायेंगे। अभिभावकों को बच्चे इंटरनेट पर क्या कर रहे हैं इसपर भी ध्यान देना चाहिए क्यूंकि कभी-कभी वो सोशल मीडिया के जाल में फंसकर कोई गलत कदम उठा लेते हैं इसलिए सतर्कता से बच्चों पर ध्यान देना चाहिए और उन्हें इसके बारे में भी जागरूक करने की ज़रूरत है।

## संक्षिप्त खबरें

### बारिश के अलर्ट के बावजूद प्राधिकरण के विरोध में दिया धरना

अल्मोड़ा। सर्वदलीय संघर्ष समिति ने मंगलवार को भी जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के विरोध में धरना दिया। भारी बारिश के अलर्ट के बावजूद संघर्ष समिति से जुड़े लोग हर मंगलवार की भांति धरना स्थल पर पहुंचे और जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के विरोध में धरना दिया और नारेबाजी की। सर्वदलीय संघर्ष समिति जिला विकास प्राधिकरण को समाप्त करने की मांग पिछले सालों से उठाते आ रही है और लगातार आंदोलन जारी रखे हुए है। ज्ञात हो कि समिति शुरू से ही जिला विकास प्राधिकरण का विरोध कर रही है। लंबे समय से समिति प्रत्येक मंगलवार को इसके विरोध में दो घंटे का धरना-प्रदर्शन कर रही है। मंगलवार को भी धरना प्रदर्शन हुआ और अनसुनी के लिए प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी हुई। वक्ताओं ने कहा कि जब तक डीडीए समाप्त नहीं हो जाता और इसका शासनादेश जारी नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रखा जाएगा। जरूरत पड़ने पर आंदोलन को बड़ा रूप दिया जाएगा। मंगलवार को आयोजित धरने में समिति के संयोजक एवं निवर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, हेम चंद्र तिवारी, चन्द्र कान्त जोशी, महेश चंद्र आर्या, हर्ष सिंह कनवाल, प्रतेश पांडे, हेम चंद्र जोशी, आनंद बगडवाल, रोबिन भंडारी, ललित मोहन पंत, एम सी कांडपाल आदि धरने पर बैठे।

### 4 जुलाई को वीपीकेएएस अल्मोड़ा का 101वाँ स्थापना दिवस

अल्मोड़ा। वर्ष 2000 तथा 2007 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का सरदार पटेल सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार से सम्मानित विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा आगामी 4 जुलाई को अपना 101वाँ स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर सदस्य नीति आयोग भारत सरकार (दर्जा प्राप्त केन्द्रीय राज्य मंत्री) प्रो रमेश चन्द्र मुख्य अतिथि एवं सहायक महानिदेशक (बीज) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद डॉ देवेन्द्र कुमार यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। पादप कार्यिकी वैज्ञानिक प्रो बोशी सेन ने सन् 1924 में कलकत्ता के आठ बोस पाड़ा लेन के रसोई घर में 04 जुलाई को विवेकानन्द प्रयोगशाला के नाम से इस संस्थान की स्थापना की थी। विवेकानन्द लैब नाम की इस प्रयोगशाला को सन् 1930 में स्थायी रूप से अल्मोड़ा में स्थानान्तरित करके उन्होंने इसके माध्यम से पर्वतीय कृषि को केन्द्रित कर नवीन प्रयोग और अनुसंधान प्रारम्भ किए। सन् 1959 में यह प्रयोगशाला उत्तर प्रदेश शासन को हस्तान्तरित हो गयी। इस प्रयोगशाला के महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की इच्छा एवं डॉ एम एस स्वामीनाथन के प्रयासों से इसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अन्तर्गत उत्तर पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों (उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू तथा कश्मीर) के कृषि विकास सम्बन्धी अनुसंधान का दायित्व मिला। तब से यह एक पूर्ण संस्थान के रूप में पर्वतीय क्षेत्रा में उगाई जाने वाली विभिन्न फसलों (अनाज, दाल, सब्जियाँ आदि) के सुधार, फसल सुरक्षा, उत्पादन, वृद्धि एवं प्रचार-प्रसार के साथ-साथ कृषि से जुड़े विभिन्न सामाजिक पहलुओं और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबन्धन पर कार्य कर रहा है। संस्थान के प्रमुख उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और कुशल उपयोग पर विशेष बल देते हुए प्रमुख पर्वतीय फसलों की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार के लिए आधारभूत नीतिगत और अनुकूली अनुसंधान करना, फसलोपरांत प्रौद्योगिकी का विकास और मूल्य संवर्धन, प्रौद्योगिकी का प्रसार और पर्वतीय कृषि में क्षमता निर्माण करना आदि हैं।

### ट्रैफिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने नगर भ्रमण पर निकले एसएसपी

अल्मोड़ा। जनपद के एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने अल्मोड़ा नगर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व सुव्यवस्थित बनाने के लिये नगर अल्मोड़ा के माल रोड, पोस्ट ऑफिस, चौघानपाटा, केमू स्टेशन, टैक्सी स्टैण्ड, शिखर तिराहा, एलआर साह रोड का भ्रमण किया। इस दौरान पार्किंग स्थलों की क्षमता की जानकारी ली गयी। और यातायात व्यवस्था में लगे अधिकारी/कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कप्तान ने यातायात प्रभारी को सड़क किनारे अतिक्रमण को हटाने, दोपहिया वाहनों को सड़क के एक साइड चिन्हित कर पट्टी के अन्दर लगवाने, दूसरी साइड को पूर्ण रूप खाली रखने के निर्देश दिए। एसएसपी ने नो-पार्किंग जोन में लगे वाहनों पर जेमर, चैन व चस्पा चालान आदि कार्यवाही कर अतिशीघ्र हटवाने, सड़क किनारे लम्बे समय से खड़े वाहनों के स्वामियों को नोटिस देकर हटवाने की कार्यवाही को भी निर्देशित किया। भ्रमण के दौरान नगर के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों ने भी यातायात सम्बन्धी समस्या से अवगत कराया व उपयोगी सुझाव दिए। इस दौरान यातायात निरीक्षक दरबान सिंह मेहता, एसएसआई सतीश चन्द्र कापड़ी, पीआरओ सुनील धानिक, प्रभारी इंटरसेप्टर सुमित पाण्डे, एसआई प्रशिक्षु हर्षपाल सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# इन तरीकों से कम करें डिस्ट्रैक्शन और बढ़ाएं फोकस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 03 जुलाई : अक्सर आपने देखा होगा कि आप बहुत दिल लगा कर कोई काम करना शुरू करते हैं और फिर मात्र दो से तीन मिनट के अंदर आप कुछ और करने लग जाते हैं या फिर किसी और चीज़ के बारे में सोचने लगते हैं। शुरू किया हुआ काम बीच में ही अटक कर रह जाता है और फिर इसी तरह इस काम को टालते हुए आप इसे करने में देर कर देते हैं। यह एक डिस्ट्रैक्शन है जिसका मतलब यह हुआ कि आपका फोकस कमजोर है और आप अपने काम के प्रति सजग नहीं हैं। एक जिम्मेदार व्यक्ति के लिए ऐसा करना उनके जॉब या अन्य जरूरी काम करने के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।




सोशल मीडिया का इस्तेमाल सीमित करेंः आजकल की जिंदगी में सोशल मीडिया ऐप सबसे ज्यादा डिस्ट्रैक्ट करने का काम करती हैं। आप घंटों उसे देखने में बिता सकते हैं। इसके लिए आप मोबाइल फोन से इस तरह की ऐप्स को अनइंस्टॉल कर सकते हैं। इससे आप जरूरत पड़ने पर ही इन्हें देखेंगे। अपने दिमाग को इतना सचेत रखें कि इनका इस्तेमाल आपको 24 घंटे में 2 घंटे से अधिक नहीं करना है।

साइलेंट मोड ऑन करेंः जब आप कोई जरूरी काम कर रहे हों तो अपने फोन को साइलेंट कर दें और नोटिफिकेशन ऑफ कर दें। फिर मोबाइल को पलट कर खुद से दूर रखें। दिमाग को इस बात के लिए तैयार करें कि काम खत्म होने से पहले फोन को नहीं छुएंगे।

काम को टुकड़ों में बांटेंः आपको जो भी काम करना है उसे कई टुकड़ों में बांट दें और एक शिफ्ट करने के बाद छोटा-सा ब्रेक ले कर दोबारा करना शुरू करें। इस तरह आप अपने काम से बोर नहीं होते या थकते नहीं हैं और छोटे-छोटे टुकड़ों में काम होने की वजह से उसे जल्दी से पूरा करने के लिए तत्पर रहते हैं। लंबे समय के काम सोच कर ही शुरुआत में गिव-अप करने का मन हो जाता है, जिससे फोकस कम होता है और मन आसानी से किसी उत्साह वाली बात ही तरफ आकर्षित हो जाता है ।टू डू लिस्ट बनाएं और अलार्म सेट करेंः सोने से पहले अगले दिन के जरूरी काम की लिस्ट बनाएं और उन्हें करते समय उन्हें खत्म करने का अलार्म सेट करें। एक अनुमानित समय सीमा निर्धारित करें जिसके अंदर काम खत्म करने का प्रयास करें। टू डू लिस्ट बनाने से आप अपने काम के प्रति सजग रहेंगे,आपको पता होगा कि आपको कितना काम करना है, साथ ही अलार्म सेट करने से आपका फोकस उसे खत्म करने की तरफ रहेगा।

## संपादकीय



# नेता विपक्ष का आक्रामक आगाज

सोमवार एक जुलाई को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी ने पहला भाषण दिया, जो इतना आक्रामक और उत्तेजक था कि प्रधानमंत्री मोदी समेत आधा दर्जन केंद्रीय मंत्रियों को बार-बार आपत्ति दर्ज करानी पड़ी। इन मंत्रियों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह को भी हस्तक्षेप करना पड़ा। गृह मंत्री ने पहली बार लोकसभा में स्पीकर का संरक्षण मांगा और नियमों को लेकर वह कुछ असहाय और आक्रोश में दिखे। हमने संसदीय कवरेज के अपने लंबे अनुभव में पहली बार देखा कि प्रधानमंत्री ने नेता विपक्ष के भाषण के दौरान टोका-टोकी की और कहा-'पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर विषय है। संविधान ने मुझे सिखाया है कि विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए।' यह राहुल गांधी का पूरी तरह 'राजनीतिक भाषण' था। राष्ट्रपति अभिभाषण की उन्हें परवाह ही नहीं थी। यह भी पहली बार लोकसभा में हुआ कि नेता विपक्ष ने भगवान शिव, ईसा मसीह, गुरु नानकदेव, महावीर स्वामी की कथित 'अभय मुद्रा' वाली तस्वीरों को बार-बार दिखाया। यह सदन के नियम 349 का उल्लंघन था। स्पीकर ओम बिरला ने बार-बार सदन की गरिमा और मर्यादा की दुहाई दी, लेकिन नेता प्रतिपक्ष की रणनीति कुछ और ही थी। नेता विपक्ष ने पहली बार ऐसा भाषण दिया, जिसमें आठ संसदीय नियमों का उल्लंघन किया गया। इस पर स्पीकर क्या निर्णय लेते हैं, यह देखना अभी शेष है। नेता प्रतिपक्ष के आगाजी भाषण में राहुल गांधी ने हिंदू, अग्निवीर, नीट, किसान से लेकर प्रधानमंत्री मोदी तक अपने प्रहारों के निशाने पर रखे। यह भी संसद में पहली बार देखा गया कि नेता विपक्ष ने भाजपा के सबसे महत्वपूर्ण 'हिंदू कार्ड' को निरस्त करने की कोशिश की। राहुल खुद को बड़ा और मौलिक हिंदू साबित करने में लगे रहे। उन्होंने स्थापना दी कि आरएसएस, भाजपा और प्रधानमंत्री ही हिंदू समाज नहीं हैं। जो खुद को हिंदू मानते हैं, वे 24 घंटे हिंसा और नफरत फैलाते रहते हैं। वे हिंदू नहीं, हिंसक हैं। राहुल के इस कथन पर साधु-संतों और संघ नेताओं ने तल्ख प्रतिक्रियाएं दी हैं। दरअसल नेता प्रतिपक्ष ने 'हिंदू' के जरिए देश के 110 करोड़ हिंदुओं तक अपना संदेश पहुंचाना चाहा है। वे राहुल गांधी के हिंदू और धार्मिक ज्ञान को किस तरह ग्रहण करते हैं, यह भविष्य की राजनीति है। इतना कहा जा सकता है कि सोमवार का दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का दिन था। वह विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का भी दिन था, क्योंकि विपक्षी सांसद अपने नेता के साथ एकजुट और आक्रामक रहे। राहुल की राजनीति और रणनीति की यही निरंतरता बरकरार रहेगी, भविष्य में देखना होगा। हालांकि अयोध्या के लोगों के मुआवजे और अग्निवीर की शहादत पर एक करोड़ रुपए की सरकारी मदद आदि के स्पष्टीकरण सरकार की तरफ से दिए जा चुके हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष को तथ्यात्मक गलतियों से बचना चाहिए। बीते दिनों एक अग्निवीर शहीद हुआ था, जिसे सरकार की ओर से 1.65 करोड़ रुपए से अधिक की सरकारी मदद दी गई थी। इसी तरह नेता विपक्ष ने यह भी गलत कहा है कि प्रधानमंत्री अयोध्या से चुनाव लडऩा चाहते थे, लेकिन सर्वे करने वालों ने उन्हें मना कर दिया। प्रधानमंत्री ने वाराणसी के अलावा कहीं और से चुनाव लडऩा सोचा भी नहीं था, ऐसी रपटें मीडिया में आ चुकी हैं। बहरहाल राहुल गांधी के पहले ही भाषण से उनका आत्मविश्वास झलका।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## गहरी नींद में सो रहे दोस्त का गोली मारकर मर्डर, हत्यारोपी गिरफ्तार

रुड़की। नशे और रुपयों को लेकर दो दोस्तों के बीच खूनी खेल खेला गया है। गहरी नींद में सो रहे दोस्त का युवक ने मर्डर कर दिया। हत्या करने के बाद युवक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने हत्यारोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कपिल हत्याकांड का खुलासा कर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि दोनों के बीच नशे और रुपयों को लेकर विवाद था। आम के बाग में सो रहे कपिल की कनपटी पर तमंचे से गोली मारकर अंकित ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी से तमंचा और खोखा बरामद किया है।

आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मंगलौर कोतवाली को गांव कुरड़ी निवासी संजय सैनी ने तहरीर देकर बताया था कि पुत्र कपिल सैनी को 28 जून को सुबह आठ बजे के आसपास अंकित चौधरी पुत्र सहसंरपाल निवासी झबीरन जट अपने साथ बाइक पर लेकर घर से गया था। करीब साढ़े ग्यारह बजे तक दोनों दोनों को एक साथ देखा गया था। लेकिन उसके बाद दोनों का ही कुछ पता नहीं चल पाया। शाम करीब साढ़े छह बजे के आसपास ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि गांव के एक आम के बाग में पुत्र का शव पड़ा है। पुत्र की कनपटी पर गोली का निशान मिला था। पुलिस ने अंकित के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस जांच में सामने आया कि नशे और पैसे को लेकर दोनों में कई बार विवाद हो चुका था। पुलिस का दावा है कि घटना के दिन दोनों ने साथ में नशा किया। फिर अंकित ने कपिल को खाना लाकर देने की बात कही थी और बाइक लेकर वहां से निकल गया था। वापसी में जब अंकित बाग पहुंचा तो कपिल चारपाई पर सो रहा था।

सोते हुए अंकित ने कपिल की 315 बोर के तमंचे से कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद वह फरार हो गया था। इंस्पेक्टर अमरचंद शर्मा ने बताया कि दोनों दोस्त कपिल और अंकित में नशे और पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस टीम में उप निरीक्षक नवीन चौहान, रफत अली, अपर उप निरीक्षक गजपाल राम, कांस्टेबल अरविंद बर्थवाल और रविंद्र खत्री शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मंयक मूर्ति भट्ट बने प्रदेश व्यापार मंडल के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष

हरिद्वार। प्रदेश व्यापार मंडल समिति की मंगलवार को हुई आमसभा में सभी पदाधिकारी और व्यापारी उपस्थित रहे। इसमें मयंक मूर्ति भट्ट को प्रदेश व्यापार मंडल का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया। आम सभा में व्यापारी अनुज गुप्ता ने प्रदेश व्यापार मंडल अध्यक्ष के रिक्त पद के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष के तौर पर भट्ट ने नाम का प्रस्ताव रखा। सभा में उपस्थित सदस्यों ने इस पर सहमति जताई। जिलाध्यक्ष सर्वेश्वर मूर्ति भट्ट ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया। उन्होंने प्रवीण शर्मा को आम सभा सदस्यों की सहमति से पुनः शहर अध्यक्ष का दायित्व सौंपा। इस दौरान जिला महामंत्री अजय अरोड़ा, मनोज सिरोही, आदेश मारवाड़ी, राजू वधावन, संजय संतोषी, गंगा शर्मा, अनुज गुप्ता, महेश सूर्यवंशी, नंदकिशोर गुप्ता, निशा गुप्ता, विवेक गुप्ता, नरेंद्र सक्सेना, आशीष शर्मा, मनोज पाल, कनखल शहर अध्यक्ष योगेश भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित होकर पलटी यात्रियों से भरी बस

हरिद्वार। हरिद्वार-नजीबाबाद राजमार्ग पर मंगलवार सुबह देहरादून जा रही निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। इससे छह यात्रियों को मामूली चोटें आई। बस में 42 यात्रित्री सवार थे। कांगड़ी क्षेत्र में तिरछे पुल के पास मंगलवार सुबह लखीमपुर खीरी से यात्रियों को देहरादून लेकर जा रही बस का चालक गड्ढे से बचने के चक्कर में नियंत्रण खो बैठा। इससे बस दूसरी ओर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जाकर पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने राहत बचाव कार्य कर बस में सवार यात्रियों को निकालना शुरू किया। घटना की सूचना मिलने पर श्यामपुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सभी यात्रियों को बस से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

### निशुल्क शिविर में दूसरे दिन 753 मरीजों ने कराई जांच

हरिद्वार। द हंस फाउंडेशन अस्पताल बहादराबाद की 10 वीं वर्षगांठ पर आयोजित मल्टीस्पेशियलिटी शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को 753 मरीजों की निशुल्क जांच की गई ।द हंस फाउंडेशन अस्पताल को लोगों को आंखों की सेवा देते हुए 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं। अस्पताल में 10 वीं वर्षगांठ पर आंखों के साथ मरीजों को अब अन्य बीमारियों का भी इलाज समय पर मिल सकेगा। अस्पताल में आंख, नाक, कान और गले की सुविधा के साथ अब मेडिसिन, हड्डी रोग, जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट की शुरुआत तीन दिवसीय निशुल्क मल्टीस्पेशियलिटी कैंप से की गई है। शिविर के बाद अस्पताल में मेडिसिन, ऑर्थो और जनरल सर्जरी की ओपीडी प्रत्येक सोमवार से शनिवार तक सुचारू रूप से चलेगी।

### आशु मलिक बने एबीवीपी हरिद्वार के जिला संयोजक

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के छात्र आशु मलिक को एबीवीपी का जिला संयोजक और डॉ. राहुल ठाकुर को जिला प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है। हाल ही में परिषद के चंपावत में आयोजित प्रदेश अभ्यास वर्ग में उन्हें यह दायित्व सौंपा गया। जिला संयोजक आशु मलिक ने बताया कि प्रदेश अभ्यास वर्ग में मनीष राय को हरिद्वार का विभाग संगठन मंत्री और अंजलि चौहान को जिला संगठन मंत्री ऋषिकेश का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में विशाल सैनी को जिला सह संयोजक और कोमल मेहरा को विभाग छात्रा प्रमुख का दायित्व मिला। बताया कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण और छात्र हित के लिए निस्वार्थ भाव से संगठन का कार्य करेंगे। प्रदेश अभ्यास वर्ग में 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन एबीवीपी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल आक्रांत, क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज निखरा, अखिल भारतीय एग्रीविजन प्रमुख विक्रम फर्सवान, प्रांत संगठन मंत्री अंकित सुंदरियाल के नेतृत्व में किया गया।

### नरेंद्र मोदी विचार मंच ने राहुल गांधी का फूंका गया पुतला

हरिद्वार। नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष चंदन सैनी के नेतृत्व में मंगलवार को राजा गार्डन में राहुल गांधी का पुतला में फूंका गया। मंच ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा से ही सनातन हिन्दू विरोधी रहा है। वक्ताओं ने कहा कि समय-समय पर हिन्दुओं को अपशब्द बोलना, उनका विरोध करना राहुल गांधी की जीवनशैली का हिस्सा बन गया है। हाल ही में संसद सत्र के दौरान हिंदुओं को हिंसक और नफरत से भरा हुआ बताना शर्मनाक है। इसका नरेंद्र मोदी विचार मंच कड़े शब्दों मे निंदा करता है।

### बूंदाबांदी से गर्मी में राहत

हरिद्वार। धर्मनगरी में मंगलवार को सुबह से शाम तक धूप नहीं निकली। पूरा दिन आसमान में बादल छाए रहे। दिन में कई दफा बूंदाबांदी होती रही। मंगलवार को अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई। मंगलवार को भी धर्मनगरी में लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिन में बूंदाबांदी ने लोगों को परेशान किया। धूप नहीं निकलने के कारण मौसम सुहावना रहा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। सोमवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा था। न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ गया।

### 14 घंटे बिजली गुल होने से 50 हजार की आबादी रही परेशान

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार में करीब 50 हजार की आबादी 14 घंटे तक बिजली गुल होने से परेशान रही। 132 केवी विद्युत लाइन में फॉल्ट होने के कारण विद्युत वितरण खंड नगरीय भूपतवाला उपकेंद्र से रात दो बजे बिजली की सप्लाई बाधित हो गई। जो सुबह नौ बजे सुचारू हुई। वहीं पिछले कई दिनों से उत्तरी हरिद्वार में लगातार बिजली की सप्लाई ठप होने से व्यापारियों ने ऊर्जा निगम के उत्तरी हरिद्वार कार्यालय नारेबाजी कर नाराजगी जताई।

### हिंदू रक्षा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

हरिद्वार। हिंदू रक्षा सेना के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के संसद में दिए बयान के विरोध में शिवमूर्ति चौक पर प्रदर्शन कर उनका पुतला फूंका। हिंदू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरी ने कहा कि संसद में राहुल गांधी की टिप्पणी हिंदुओं के प्रति आहत करने वाली है। इस तरह की टिप्पणी की जितनी भी निंदा की जाए, उतना कम है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज हमेशा ही सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार में देश दुनिया में जाना पहचाना जाता है। उन्होंने विश्व पटल पर भी हिंदुओं की छवि को धूमिल किया है। हिंसक शब्द का इस्तेमाल कर हिंदुओं की भावनाओं पर आघात किया है। प्रदेश संरक्षक डॉ. विशाल गर्ग ने कहा कि हिंदुओं का अपमान सहन नहीं करेंगे। सांसद होने के नाते हिंदुओं के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। वह सहन करने योग्य नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने की मांग की। इस अवसर पर मोतीराम, लक्की वर्मा, अमित वर्मा, कमल बिरला, विक्की मिश्रा, परमिन्दर पंडित, नवीन उपाध्याय, किरणपाल, विनय शर्मा, अमित राठौर, विक्रमजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# सैन्य धाम से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की मंत्री गणेश जोशी ने की शुरुआत

- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मां के सम्मान में किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 03 जुलाई : प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को सैन्य धाम स्थल गुनियाल गांव देहरादून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मां के सम्मान में आंवले के पौधे का रोपण कर वृक्षारोपण किया और ₹एक पेड़ मां के नाम₹ के अभियान की सैन्य धाम से शुरुआत की। अभियान के तहत सैन्य धाम स्थल में 200 से अधिक विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में इस राष्ट्रव्यापी अभियान में अधिक से अधिक अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रदेशवासियों से अपील की। मंत्री गणेश जोशी ने कहा जिस प्रकार जलवायु परिवर्तन तथा पेड़ों पौधों के कटान से जल स्रोत सूख रहे हैं। ऐसे वृक्षारोपण करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि न केवल पेड़ लगाना जरूरी है, बल्कि जब तक पेड़ मजबूत स्थिति न हो जाए तब तक उसकी देखभाल करना भी आवश्यक है। मंत्री ने बताया इस वर्ष प्रकृति को समर्पित हरेला पर्व पर जल संवर्धन की दिशा में कारगर सिद्ध होने वाले प्रजाति के पौधे लगाए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मां की स्मृति में या उनके सम्मान में पेड़ लगाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने कहा मां के नाम पेड़ लगाने के अभियान से अपनी मां के सम्मान के साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी। मंत्री ने प्रदेश वासियों से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने भी आव्हान किया। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने सैन्य धाम के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली और अधिकारियों को निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, मंडल अध्यक्ष राकेश रावत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर, निदेशक सैनिक कल्याण अमृत लाल, बीजेपी युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय गुप्ता, लक्ष्मण रावत सहित विभागीय अधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसएसपी पौड़ी की सटीक रणनीति में फस रहे नशा तस्कर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 03 जुलाई : मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष-2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्ति ("ड्रग्स फ्री देवभूमि") बनाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में बढते नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने तथा नशा तस्करी की रोकथाम के लिये पौड़ी पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है, नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा रही है,

थाना रिखणीखाल पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों वंश अग्रवाल व रोहित शर्मा को थाना तिराह बैंड रिखणीखाल के पास से वाहन संख्या DL5CH-5577( स्विफ्ट डिजायर) जिसमें प्रेस लिखा हुआ था से 102 किलो 700 ग्राम अवैध गांजे का परिवहन करते हुये गिरफ्तार किया गया। जिस सम्बन्ध में वाहन को सीज करते हुए अभियुक्तों के विरुद्ध थाना रिखणाखाल में NDPS के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।




- 26 लाख रुपये कीमत की 102 किलो 700 ग्राम अवैध गांजे के साथ उत्तर प्रदेश के दो नशा तस्करों को पौड़ी पुलिस ने पहुंचाया सलाखों के पीछे
- PRESS लिखी गाड़ी से गांजे का पहाड़ों से मैदानी क्षेत्रों की ओर करते है अवैध तस्करी




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी की जनता से अपीलः-

यदि किसी व्यक्ति को नशे के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है कि कोई व्यक्ति नशे के कार्यों में संलिप्त रहता है या कोई किसी सार्वजनिक स्थान पर नशा कर रहा है तो उसकी सूचना मो. न. 7060470047 पर दें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा। पौड़ी पुलिस द्वारा युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम / अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है।

अभियुक्तों का नाम पता , 1. वंश अग्रवाल (उम्र 33 वर्ष) पुत्र शिव कुमार अग्रवाल, निवासी-M81 रामगंगा बिहार, फेस-2 गेट हाउस, थाना-मझोला एमडीए मुरादाबाद (उ0प्र0)। 2. रोहित शर्मा (उम्र 21 वर्ष) पुत्र संजीव शर्मा, निवासी- हरथला सब्जी मंडी, थाना-सिविल लाइन मुरादाबाद, (उ0प्र0)। बरामद माल 102 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा पंजीकृत अभियोगमु0अ0स0 19/24 धारा 8/20 27/60 NDPS एक्ट बनाम वंश अग्रवाल आदि पुलिस टीम 1.थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल 2. अपर उपनिरीक्षक कैलाश जोशी 3. आरक्षी कपूर 4. आरक्षी भीष्म देव 5.आरक्षी लॉयन कुमार 6.रिक्रुट आरक्षी सौरभ विंडोला 7. रिक्रुट आरक्षी देवेश

# वेतन विसंगति की रिपोर्ट की जाए सार्वजनिक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। लंबे समय से वेतन विसंगति समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने दबाव तेज कर दिया है। अपर मुख्य सचिव कार्मिक आनंद बर्द्धन से मुलाकात में परिषद ने वेतन विसंगति भी दूर कर कर्मचारियों को राहत देने की मांग की। सचिवालय में एसीएस से मुलाकात में परिषद अध्यक्ष अरुण पांडे ने कहा कि वेतन विसंगति दूर करते हुए वेतन समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। ताकि कर्मचारियों को जो वेतन कम मिल रहा है, वो पूरा मिले। एरियर के रूप में पिछले बकाए का भी भुगतान सुनिश्चित किया जाए। गोल्डन कार्ड में ओपीडी में जन औषधि केन्द्रों से कैशलैश दवा और सुपर स्पेशिलस्ट पंजीकृत अस्पतालों में कैशलेस जांच की जाए।

राजकीय कार्यों को यात्रा में केंद्र सरकार की भांति 5400 ग्रेड पे प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को हवाई यात्रा की सुविधा मंजूर की जाए। एलटीसी में अधिकतम 15 दिन और वास्तविक यात्रा के आधार पर अवकाश की व्यवस्था की जाए। वाहन भत्ता प्रतिमाह 1200 से बढाकर 2500 रुपए किया जाए। विभिन्न विभागों में पदोन्नति सेवा नियमावली एवं पुर्नगठन को मुख्य सचिव के स्तर पर बैठक आयोजित की जाएं। निगम, निकाय, विवि, अशासकीय स्कूलों के कर्मचारियों को राजकीय कर्मचारियों के समान सुविधाएं मंजूर की जाएं। सभी वर्दीधारियों को पुलिस कर्मियो की भांति सुविधाए दी जाएं। पुरानी पेंशन बहाल की जाए। आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाओं को बरकरार रखा जाए। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरिजेश कांडपाल और प्रवक्ता आरपी जोशी मौजूद रहे।

पदोन्नति में शिथिलता की सुविधा हो बहालः परिषद ने पदोन्नति में शिथिलता की सुविधा बहाल करने पर भी जोर दिया। कहा कि 30 जून को ये सुविधा समाप्त हो गई है। चुनावी आचार संहिता के कारण कर्मचारी इसका लाभ नहीं उठा पाए। इसे बहाल किया जाए। 30 जून और 31 दिसम्बर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाए। कार्यभारित कार्मिकों के पेंशन प्रकरणों पर अध्यादेश के द्वारा लगाई गई रोक को हटाते हुए पहले की तरह लाभ मंजूर किया जाए।

निदेशालयों में हो पांच दिन का ऑफिस : परिषद ने राजधानी के विभागीय निदेशालयों और आयुक्त कार्यालयों में भी सचिवालय की तरह पांच दिवसीय कार्यालय दिवस लागू करने पर जोर दिया। राज्य कर विभाग के पुनर्गठन के बाद राज्य कर अधिकारी के पदों में की जा रही कटौती पर रोक लगाई जाए। छठे वेतन आयोग के आधार पर वेतन प्राप्त कर रहे कार्मिकों को केंद्र की तरह नौ प्रतिशत महंगाई भत्ते में वृद्धि की जाए।

## पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिलों के लिए समर्थ पोर्टल पर 15 जुलाई तक होंगे रजिस्ट्रेशन

हरिद्वार। एसएमजेएन पीजी कॉलेज में नई शिक्षा नीति-2020 के तहत सत्र 2024-25 के लिए पीजी कक्षाओं में समर्थ पोर्टल के माध्यम से दाखिलों के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। इच्छुक छात्र-छात्राएं समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के बाद ही प्रवेश के लिए अर्ह होंगे। प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने बताया कि एसएमजेएन कालेज में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर (एमए हिंदी, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान और एमकॉम प्रथम वर्ष) में प्रवेश के इच्छुक छात्र समर्थ पोर्टल के लिंक पर 15 जुलाई तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत छात्र अपने मन मुताबिक कोर्स और विषयों का चुनाव कर सकेंगे। मुख्य प्रवेश संयोजक डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी ने समर्थ पोर्टल पर पंजीयन की जानकारी दी। बताया कि सर्वप्रथम प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्रा समर्थ पोर्टल के लिंक पर जा कर न्यू रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें, अपना नाम, जन्मतिथि, अपनी ई-मेल, अपनी का मोबाईल नम्बर भरें और पासवर्ड डालें। पंजीकरण होने के बाद यूजर नेम और पासवर्ड बन जाएगा।

## राजकीय महाविद्यालय बहादुरपुर जट्ट का नाम समर्थ पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं

हरिद्वार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक विशाल भारद्वाज, नगर मंत्री हर्षित सैनी ने सोमवार को बहादुरपुर जट्ट कॉलेज पहुंचकर नोडल अधिकारी से वार्ता की। बताया कि समर्थ पोर्टल पर महाविद्यालय का नाम प्रदर्शित नहीं है। इससे विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कर पा रहे हैं। समर्थ पोर्टल पर महाविद्यालय का नाम प्रदर्शित नहीं होने से लगभग 200 छात्रों का भविष्य बर्बाद होने को है।